Mona Modern Hr. Sec. School
Sarangarh
(Summer Homework 2026-27)

श्रीमान् अभिभावक महोदय,

दिनांक 20 अप्रैल से स्टूडेंट्स की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां प्रारंभ हो रही हैं। उक्त छुट्टियां 15 जून तक चलेंगी। छुट्टी का अर्थ कुछ ना करना नहीं होता अपितु अपनी क्षमता, कौशल, आत्मविश्वास व ज्ञान को और अधिक बढ़ाना होता है। छुट्टी के समय का सदुपयोग कर छात्र-छात्रा अपनी शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक उपलब्धि को और अधिक संपन्न कर सकते हैं। अभिभावक के रूप में हमारा यह कर्तव्य बनता है कि छुट्टी के समय में हम बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और रचनात्मक कार्यों में उन्हें सहभागी बनाकर उन्हें आत्मविश्वासी बनाएं। यहां कुछ प्रोजेक्ट वर्क दिए जा रहे हैं जिन्हें स्टूडेंट्स को अपनी पुरानी कॉपी से पेज निकालकर प्रोजेक्ट फाइल बनाना है एवं ग्रीष्मकालीन होमवर्क जो कि प्रत्येक विषय में दिए गए हैं, उन्हें करना है। साथ ही कुछ लाईफ स्किल के प्रोजेक्ट दिए जा रहे हैं उन्हें भी उसी प्रोजेक्ट फाइल में करना है।

अभिभावकों से आग्रह है कि बच्चों को प्रोजेक्ट कार्य करने दें। अभिभावक का दायित्व उन्हें सहयोग करना है ना कि पूरा प्रोजेक्ट स्वयं बनाना सर्वप्रथम लाईफ स्किल के प्रोजेक्ट कार्य को करना एवं लिखना है उसके पश्चात विषयवार प्रोजेक्ट करना है। आशा है कि सभी स्टूडेंट्स गंभीरता से प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण करेंगे।

धन्यवाद !

प्राचार्य
(आर. केशरवानी)

Life Skill Project :-

1. एक News कॉपी बनाना है एवं Daily देश-विदेश की घटना को बिंदुवार लिखते जाना है। रोजाना कम से कम 10 बिंदु लिखने की आदत डालें। (Class 3 to 12)

2. एक पेज में Table बनाएं (Class 3 to 12)
(Columns Title को देखने हेतु Right to Left Scroll करें)

S.N.	Date	Temperature	Time

प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे और रात 8:00 बजे के तापमान को लिखना है।

3. घर की छत/खिड़की आदि में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना है एवं रिकॉर्ड करना है कि कितने (लगभग) पक्षी इसका लाभ उठा रहे हैं।

4. अपने दैनिक खान-पान का चार्ट बनाना –
(Columns Title को देखने हेतु Right to Left Scroll करें)

S.N.	Breakfast	Lunch	Dinnar

5. घर में किचन गार्डन बनाना है। घर में अपने बड़ों की मदद से जमीन या अनेक गमलों में सब्जी हेतु प्रयुक्त होने वाले कुछ पौधे जैसे कि बैगन, धनिया, पुदीना, आलू,प्याज आदि को विकसित करना है एवं रोजाना पौधौं में होने वाले परिवर्तन को अपने शब्दों में लिखना है। (Class 1 to 12)

6. घर में एक बड़े चार्ट पेपर या पेज में अपने परिवार का Family Tree तैयार करना Family Tree में जितना संभव हो सके अपने पूर्वजों के समय काल को जानना है Family Tree बनाने के पश्चात् अपने पूर्वज के समय काल को भारत के इतिहास के साथ जोड़कर उस समय घटित ऐतिहासिक घटना के सन्दर्भ में संक्षिप्त जानकारी लिखना है। जैसे- किन्ही के किसी पूर्वज का जन्म 1857 और मृत्यु 1922 है, तो लिखना है-

1857 – भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम

1922 – 04 Feb 1922 चौरी–चौरा कांड

(इस तरह इतिहास की घटना काल को लिखते जाना है।)

7. Daily 1 पेज इंग्लिश और 1 पेज हिंदी लिखना है। (Class 1 to 12)

8. Daily अपने Class के Level का 10 Maths बनाना है। (Nursery to 12)

9. घर के समस्त छोटे–छोटे कार्य जैसे कि पौधौ को पानी देना, चाय बनाना, सब्जी लाना इत्यादि कार्य करना (Nursery to 12 क्षमता अनुसार)

10.घर या आस–पास में जितने प्रकार के Plants उपलब्ध है उनकी पत्तियों को एक पेज में चिपकाना एवं उस Plant के बारे में जानकारी लिखना। (Class 1 to 12 Level अनुसार)

11. अपनी रूचि अनुसार कुछ कार्य करना जैसे कि ड्राईंग, स्केच, क्रॉफ्ट, सिलाई, ग्रीटिंग कार्ड डिज़ाईन इत्यादि।

12. Daily इंग्लिश के 10 नये शब्द का अर्थ लिखना, याद करना एवं उसे Use करना।

13.प्रत्येक विषय के 2-2 Topic को लेकर Presentation बनाना है जो कि कम से कम 5 मिनट का होना चाहिए। Presentation Ready होने के पश्चात् उसका Video बनाना है। (Class 3 to 12)

14. Class के अनुसार Table याद करना जैसे –

i. Class Nursery – UKG – 2, 3 तक का

ii. Class 1 to 5 – 10 तक का

iii . Class 6 to 12 – 20 तक का

आशा है सभी स्टूडेंट्स समर होमवर्क को गंभीरता से पूर्ण करेंगे।

प्राचार्य

(आर. केशरवानी)

Summer holiday home work (2026-27)

(Class- 12th)

Subject: Hindi

⭐ **Life skills question**

1 जीवन को प्रेरित करने वाली कविता लिखिए ।

2 शिक्षाप्रद कहानी लिखिए।

3 सड़क दुर्घटना जिम्मेदार कौन विषय पर आलेख लिखिए।

4 अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक शिक्षक पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए

5 20 अप्रैल से लेकर **20** जुन तक की दिनचर्या को डायरी में लिखिए।

Question answer

6 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिए **-**

सुबह के शांत वातावरण में अक्सर पार्कों से हँसी की ऊँची आवाजें सुनाई देती हैं। पहले लगता था कि कुछ पुराने मित्र मिलकर हँसी-मजाक कर रहे हैं। पर कौतूहलवश ध्यान से देखने पर जाना कि वे सब एक साथ एक ही तरह ऐसे हँस रहे हैं, जैसे कोई क्लास चल रही हो। पूछने पर पता चला कि वे हास्य क्लब के सदस्य हैं। यह क्या, अब हँसने के लिए क्लब का सहारा लेना पड़ता है ? दरअसल आज के तनावपूर्ण जीवन में लोग हँसना भूल गए हैं। अतिशय दबावों के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। छोटे बच्चे हों या बुजुर्ग तनाव के कारण आत्महत्या करने लगे हैं। इस स्थिति में चिंतित डॉक्टरों,

मनोविश्लेषकों ने नुस्खे में हँसी को दवा के तौर पर सुझाना शुरू कर दिया है। नतीजा यह है की अब सजग लोग इसे अपनाने की होड़ में लगे हैं। रेडियो, टीवी, पत्र-पत्रिकाएँ, फिल्में आदि भी इस दिशा में मदद कर रही हैं। हँसी की जरूरत सुर्खियों से होने के कारण उस पर किताबें लिखी जा रही हैं। वर्कशॉप हो रही है। अब यह प्रमाणित हो रहा है कि खुश-मिजाज लोग जीवन में अधिक सफल होते हैं, वे ज्यादा कमाते हैं, उनके मित्रों की संख्या काफी होती है। उनकी शादी ज्यादा निभती है। वे स्वस्थ रहते हैं और स्वाभाविक है कि अधिक लंबी उम्र जीते हैं। अतः जो सब पाने के लिए इंसान भागदौड़ करता है, हँसी उस दिशा में दवा का काम करती है।

कार्य करती है?

(4) हँसी की जरूरत क्यों महसूस की जा रही है ?

(5) हँसी का जीवन में क्या महत्व है ?

(6) 'तनावपूर्ण' तथा 'यथाविधि' का समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(7) 'खुशमिजाज' में प्रयुक्त उपसर्ग तथा 'प्रमाणित' में प्रयुक्त प्रत्यय बताइए।

(8) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए(1)

प्रश्न 7 उजड़ते गांव उमड़ते शहर पर फीचर लिखिए।

प्रश्न 8 (क) समाचार लेखन के कौन-कौन से तत्व आवश्यक है ?

प्रश्न 9 निम्नलिखित विषय पर 250शब्दों में निबंध लिखिए-1 क्यों ना हम परहेज करें पॉलिथीन से

प्रश्न 10 दिन जल्दी-जल्दी ढलता है गीत में कवि ने किस मनोवैज्ञानिक सत्य को वाणी दी है?

11जहां पर दाना रहते हैं वहीं नादान भी होते हैं कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

12 दिन जल्दी-जल्दी ढलता है की आवृत्ति से कविता के किस विशेषता का पता चलता है?

13 बाजार का जादू चढ़ने उतरने पर क्या प्रभाव पड़ता है?

14 बाजार दर्शन से क्या तात्पर्य है किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थक प्रदान करते हैं अथवा बाजार की सार्थकता किसमे है?

15पैसे की व्यंग्य शक्ति का मनुष्य की चेतना पर क्या प्रभाव पड़ता है?

16 लेखक ने अर्थशास्त्र को अनीति शास्त्र क्यों कहा है

17 बाजार एक प्रकार से सामाजिक क्षमता की भी रचना कर रहा है स्पष्ट कीजिए।

18पतंगो के साथ-साथ में भी उड़ रहे हैं बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है?

19 पत्रकारिता के प्रकार को समझाइए।

English

Life Skill Questions:

1) Write and remember formal letters (3).

2) Write and remember informal letters (3).

3) Write and remember application for leave.

4) Write and remember application for T.C.

5) Start story writing "Summer Vacation".

6) Write a letter to "Father".

7) Write and remember "Value of Games and Sports".

8) Write and remember "Pollution is the Greatest problem in the world".

9) Write daily diary "How do spend the day of Summer Vacation?"

Question answer

1. What had been put up on the bulletin board?

2. What was Franz expected to be prepared with for school that day?

3. How did Franz's feeling about Mr. Hamel and school change?

4. Why were the villagers sitting at the back of the class?

5. Draw the character sketch of M. Hamel.

6. Justify the title 'The Last Lesson'.

7. What makes the city of Firozabad famous?

8. How is Mukesh's attitude to his situation?

Subject: chemistry

⭐**Life skills question**

प्रश्न **1.** साबुन और डिटर्जेंट कैसे साफ करते हैं**?** उनके प्रकार लिखकर कार्य विधि समझाइए।

प्रश्न **2.** खाद एवं उर्वरक फसलों की वृद्धि में कैसे सहायक होते हैं**?** उनके अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न **3.** धातु और मिश्रधातु **(Alloys)** हमारे दैनिक जीवन में क्यों महत्वपूर्ण हैं**?**

प्रश्न **4.** कॉस्मेटिक्स **(cosmetics)** में रसायन की क्या भूमिका है**?** त्वचा और बालों में उपयोग होने वाले **products** का वर्णन कीजिए।

प्रश्न **5. Green chemistry** क्या है**?** इसके आवश्यकताएं क्या हैं**?** इस रासायनिक प्रक्रियाओं व **products** का वर्णन कीजिए जो पर्यावरण के लिए सुरक्षित हों।

प्रश्न **6.** दैनिक जीवन में अम्ल-क्षार **(acid-base)** की क्या भूमिका है**?** खाद्य पदार्थों**,** दवाइयों और सफाई उत्पादों में इनके उपयोग समझाइए तथा **pH** का महत्व लिखिए।

प्रश्न **7.** बैटरियों में ऊर्जा भंडारण **(energy store)** में रसायन की क्या भूमिका है**?** आने वाले समय में लिथियम बैटरी की क्या भूमिका हो सकती है।

मॉडल **: - (i) CH4 structure model**

(ii) NaCl structure model

(iii) NH3 structure

Question answer

प्रश्न **1.** विद्युत रासायनिक सेल क्या है**?** सचित्र में समझाइए।

प्रश्न **2.** राउल्ट का नियम लिखकर किसी अवाष्पशील विलेय का वाष्प दाब पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न **3.** मोलता**,** मोललता**,** नॉर्मलता की परिभाषा लिखकर सूत्र लिखिए।

प्रश्न **4.** हिमांक क्या है**?** हिमांक में अवनमन के लिए व्यंजक प्राप्त कीजिए।

प्रश्न **5.** मानक हाइड्रोजन इलेक्ट्रोड **(SHE)** क्या है**?** संक्षेप में समझाइए।

प्रश्न 6. निम्न को समझाइए

a) 1.8 g NaOH, 250 ml जल में घुला है, मोललता ज्ञात कीजिए।

b) जल में **30%** बेंजीन घुला है, बेंजीन के मोल प्रतिशत की गणना कीजिए।

प्रश्न 7. नर्नस्ट समीकरण क्या है**?** समझाइए।

प्रश्न 8. रेडॉक्स अभिक्रिया क्या है**?** ऑक्सीकरण–अपचयन को समझाइए।

प्रश्न 9. परासरण तथा परासरण दाब को समझाइए तथा इसका जैविक महत्व बताइए।

प्रश्न 10. द्वितीयक सेल को समझाइए ।

Physics

Life Skill Questions:

1.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर एक कार्यशील मॉडल तैयार करें**:**

(i) लेजर सुरक्षा अलार्म प्रणाली

(ii) वायरलेस पावर ट्रांसफर

(iii) स्टेप**-**डाउन ट्रांसफॉर्मर **(**हैंड**-**वाउंड**)**

2. बिजली गिरने के दौरान कार के अंदर रहना सुरक्षित क्यों माना जाता है**?**

3. घर के उपकरणों को श्रेणीक्रम **(series)** के बजाय समांतर **(parallel)** क्रम में क्यों जोड़ा जाता है**?**

4. लिफ्ट या बेसमेंट के अंदर मोबाइल सिग्नल कमजोर क्यों हो जाता है**?**

5. डॉक्टर हड्डियों की जांच के लिए **x ray** का उपयोग करते हैं जबकि मुलायम उत्तकों **(tissues)** के लिए **MRI** क्यों किया जाता है**?**

Descriptive Questions:

1. एक व्यक्ति तालाब के किनारे खड़ा है। वह पानी में **2 m** गहराई पर रखे एक पत्थर को देखता है। यदि पानी का अपवर्तनांक **1.33** है, तो पत्थर की प्रत्यक्ष गहराई ज्ञात करें।

2. संयुक्त सूक्ष्मदर्शी का आवर्धन क्षमता ज्ञात कीजिए जब

(अ) प्रतिबिंब स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी पर बन रहा हो।

(ब) प्रतिबिंब अनंत पर बन रहा हो।

3. दूरदर्शी का आवर्धन क्षमता ज्ञात कीजिए जब

(अ) प्रतिबिंब स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी पर बन रहा हो।

(ब) प्रतिबिंब अनंत पर बन रहा हो।

4. यंग के द्विस्लिट प्रयोग में फ्रिंज चौड़ाई के लिए सूत्र ज्ञात कीजिए।

5. प्रकाश का व्यतिकरण क्या**?** व्यतिकरण कितने प्रकार के होते हैं**?** शर्तें लिखिए।

6. गाउस प्रमेय लिखिए तथा सिद्ध कीजिए।

7. कुलॉम के नियम को लिखकर उसकी कमियां लिखिये।

8. वैद्युत द्विध्रुव क्या है**?** वैद्युत द्विध्रुव के अक्ष के किसी बिंदु पर विद्युत क्षेत्र ज्ञात किजिए।

9. विद्युत क्षेत्र रेखाएँ क्या हैं**?** उनके गुण लिखिए।

10. संधारित्रो **(Capacitor)** को किस प्रकार संयोजित किया जाता है**?** तुल्य संधारित्र का सूत्र लिखिए।

Subject: Biology

⭐ **Life skills question**

1.अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में पाए जाने वाले चिकित्सालयों के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

2.घरों में उपयोगी सूक्ष्मजीवों के बारे में बताइए।

3.एक पुष्प में परागण की क्रिया क्यों आवश्यक है**?**

4.वर्तमान में चल रहे टी.बी. (क्षय रोग) कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान कीजिए।

5.यदि फूलों की संख्या कम हो जाए, तो हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

📌 मॉडल कार्य

1.मानव हृदय का मॉडल

2.मानव उत्सर्जी तंत्र का मॉडल

3.मलेरिया के जीवन चक्र का मॉडल

✏️ आरेखित प्रति **(Diagram Copy)**

अध्याय से संबंधित चित्रों को अपनी डायग्राम कॉपी में बनाइए।

Question answer

1.कैंसर क्या होता है? इसके बारे में विस्तार से लिखिए।

2.एंटीबॉडी की संरचना को बताइए।

3.अनिषेकजननव अनिशेकफलन तथा आनुवंशिकी को परिभाषित कीजिए।

4.परागण क्या है? इसके प्रकारों को समझाइए।

5.एक पुष्प की संरचना को स्पष्ट रूप से वर्णित कर समझाइए।

6.AIDS को परिभाषित करते हुए इसके बचाव के उपाय लिखिए।

7.डबल या द्विक निषेचन की प्रक्रिया को समझाइए।

8.जीवाणु जनित रोगों के नाम ,संचरण व उपाय लिखिए।

9.मलेरिया के जीवन चक्र के विभिन्न चरणों को समझाइए।

10.विषाणु जनित रोगों के नाम व संचरण व उपाय लिखिए।

Subject - Mathematics

प्रश्न **1:** सिद्ध कीजिए कि पूर्णांकों के समुच्चय **Z** में **R = {(a, b):** संख्या **5, (a-b)** को विभाजित करती है**}** द्वारा प्रदत्त संबंध **R** एक तुल्यता संबंध है।

प्रश्न **2:** यदि $f : R \rightarrow R$ तथा $g : R \rightarrow R$ फलन क्रमशः $f(x) = x^2 + 2$ तथा $g(x) = x / (x - 1), x \neq 1$ द्वारा परिभाषित है तो **gof** तथा **fog** ज्ञात कीजिए।

प्रश्न **3:** सिद्ध कीजिए कि $f(x) = 2x$ द्वारा प्रदत्त फलन $f : R \rightarrow R$ एक एकैकी और आच्छादक फलन है।

प्रश्न **4:** यदि $f : R \rightarrow R$ तथा $g : R \rightarrow R$ फलन क्रमशः $f(x) = \cos^2 x$ तथा $g(x) = 3x^2$ द्वारा परिभाषित है तो **gof** तथा **fog** ज्ञात कीजिए। सिद्ध कीजिए कि $gof \neq fog$

प्रश्न **5:** तीन फलन $f : N \rightarrow N$, $g : N \rightarrow N$ तथा $h : N \rightarrow R$ पर विचार कीजिए जहाँ $f(x) = 2x$, $g(y) = 3y + 4$, $h(z) = \sin z \ \forall \ x, y, z \in N$ सिद्ध कीजिए कि

$ho(gof) = (hog)of$

प्रश्न **6:** सिद्ध कीजिए कि पूर्णांकों के समुच्चय **Z** में **R = {(a, b):** संख्या **2.(a-b)** को विभाजित करती है**}** द्वारा प्रदत्त संबंध **R** एक तुल्यता संबंध है।

प्रश्न **7:** माना $A = \{1, 2, 3, 4, 5, 9\}$ तथा $R = \{(a, b): |a - b| = 2\}$ जहाँ $|a - b|$, **2** से विभाजित है, तो सिद्ध कीजिए कि **R** एक तुल्यता संबंध है।

प्रश्न **8:** **gof** तथा **fog** ज्ञात कीजिए यदि

$f(x) = x^2 + 1, g(x) = |5x - 2|$

Real life Skill Based question

Que.1 - 5 students के **marks:**

A→80, B→75, C→80, D→90, E→75

प्रश्न**:**

क्या यह **relation function** है**?**

Range क्या है**?**

क्या दो **students** के **same marks** हो सकते हैं**?**

Que.2- एक **telecom** कंपनी का **plan** है**:**

f(x) = 3x + 50 (₹50 fixed charge)

प्रश्न**:**

100 units use करने पर **bill** निकालिए

क्या यह **function** है**?**

f(0) का अर्थ बताइए

Que.3.Student Roll Number & Marks

Relation:

{(1,80), (2,75), (3,80), (4,90)}

प्रश्न**:**

क्या यह **function** है**?**

Domain और **Range** लिखिए

क्या दो **students** के **marks same** हो सकते हैं**?**

Que.4- एक **tower 10 m** ऊँचा है।

आप **10 m** दूर खड़े हैं।

प्रश्न**:**

tanθ का मान निकालिए

θ निकालिए

कौन सा inverse trigonometric function use होगा?

Que.5.- एक परिवार के 2 महीनों के खर्च:

Food, Rent, Electricity

Month 1: 4000, 8000, 2000

Month 2: 5000, 8000, 2500

प्रश्न6. Matrix बनाइए

कुल खर्च (2 महीने) निकालिए

Sub- Accountancy (2026-27)

Question answer

Q.1 .साझेदारी फर्म की विशेषताएं लिखिए।
Q.2 साझेदारी संलेख में निहित बातों को बताइए।
Q.3 साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियम कौन से हैं?
Q.4 लाभ हानि खाता व लाभ हानि नियोजन खाता में अंतर लिखिए।
Q. 5. स्थायी पूंजी खाता व परिवर्तनशील पूंजी खाता के अंतर लिखिए।
Q.6. ख्याति उत्पन्न होने के कारणों को लिखिए।
Q.7. ख्याति के प्रकार लिखिए।
Q.8. त्याग अनुपात तथा लाभ प्राप्ति अनुपात में अंतर लिखिए।
Q.9. औसत लाभ व अधिलाभ के अंतर लिखिए।
Q.10 ख्याति की गणना की विधियां लिखिए।

Life Skill

Q.11. आपका मित्र अपने दोस्तों की भावनाओं को समझ नहीं पाता है और अक्सर झगड़ा करता रहता है आप उसमे Empathy कैसे विकसित करेंगे?
Q.12. आपका एक मित्र गुस्से के जल्दी-जल्दी गलत निर्णय लेता है आप उसमें Decision Making के लिए क्या करेंगे?
Q.13. आपका मित्र परीक्षाओं में बार-बार असफल होने के कारण निराश हो गया है आप उसमें सकारात्मक सोच कैसे विकसित करेंगे?
Q.14. आपका मित्र परीक्षा के दौरान घबरा जाता है और वह कुछ भूल जाता है आप उसमें Stress Management के कौन से तरीके बताएंगे?
Q.15. आपका मित्र अपना समय Mobile और Games में ज्यादा बिताता है और पढ़ाई नहीं कर पाता है आप उसे Time Management कैसे सिखाएंगे?

Business Studies (BST) (2026-27)

Question answer

Q. 1. प्रबंध के कार्य लिखिए।
Q.2 प्रबंध का महत्व लिखिए।
Q.3 प्रबंध कला है अथवा विज्ञान?
Q.4. प्रबंध जन्मजात व अर्जित प्रतिभा है, कैसे?
Q.5. फेयोल द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत कौन से हैं?
Q.6 टेलर द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत कौन से हैं?
Q.7. समय अध्ययन को समझाइए।
Q.8. गति अध्ययन को समझाइए।
Q.9. टेलर व फेयोल के सिद्धांतों की समानता लिखिए।
Q. 10. वैज्ञानिक प्रबंध का श्रमिकों द्वारा विरोध क्यों किया गया?

Life Skill

Q.11. तनाव को दूर करने के लिए आप क्या क्या कार्य करते हैं?
Q.12. किसी भी कार्य के संबंध में निर्णय लेने से पहले आप किन-किन चीजों पर विचार करते हैं?
Q.13. सकारात्मक सोच को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है?
Q.14. आपके दो मित्रों के बीच तनाव (विवाद) हो गया है आप उसे कैसे सुधारेंगे/ठीक करेंगे?
Q.15. आपका मित्र बहुत कम बोलता है उसकी Communication Skill को कैसे सुधारेंगे?

Sub-.- Economics (2026-27)

Question answer

1.समष्टि अर्थशास्त्र का महत्व लिखिए ।
2.समष्टि एवं व्यष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।
3.पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की विशेषताएँ लिखिए ।
4. मिश्रित अर्थव्यवस्था के दोष लिखिए।
5.एक अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याएँ समझाइए।
6.अवसर लागत की अवधारणा समझाइए।.
7.उपभोक्ता संतुलन से आप क्या समझते हैं? उपभोक्ता संतुलन की मान्यताएँ और दशाएँ स्पष्ट कीजिए।
8.उदासीनता वक्र विश्लेषण में उपभोक्ता संतुलन की शर्तों को स्पष्ट कीजिए।
9.बाजार मांग तालिका व वक्र द्वारा उपभोक्ताओं की मांग को प्रदर्शित करें।
10.माँग को प्रभावित करने वाले तत्वों को लिखिए।

Life skill Question

11. महंगाई बढ़ने पर उपभोक्ता अपने खर्चों में क्या बदलाव करेंगे?
12. अगर आपकी आई सीमित है ,आप अधिकतम संतुष्टि कैसे प्राप्त करेंगे?
13. क्या सरकार का हमेशा सब्सिडी देना सही है। आपने अनुभवों को व्यक्त करे।
14. यदि पेट्रोल की कीमत बढ़ जाए तो ,आप अपनी यात्रा योजना में क्या बदलाव करेंगे।
15. त्योहारों में कपड़ों की कीमत बढ़ जाती है, फिर भी बिक्री बढ़ती है। क्यों?

Agriculture

Animal husbandry

Life skills

1 सिंग के छल्लों द्वारा अपने आसपास के बैल ,गाय ,सांड की आयु ज्ञात करना।

2 दूध से दही बनाना की विधि।

3 दूध से रबड़ी तैयार करना।

4 दूध पाउडर तैयार करना।

5 गर्भवती गाय के लिए एक दिन का आहार में दाना चार की मात्रा ज्ञातकरना।

6 मटका कुल्फी तैयार करना।

Question answer

7 शैलेश की परिभाषा लिखिए।

8 निम्न को परिभाषित कीजिए - निर्वाह ,वर्धक, संतुलित, आदर्श आहार।

9 स्वेलिंग विधि किसे कहते हैं?

10 फार्म में है निर्माण के संक्षेप में वर्णन कीजिए।

11 ही बनाते समय पोषक तत्वों के हानि कैसे होती है?

12 टिप्पणी लिखिए -AIV   ,लोबिया हरा चारा।

13 अच्छी साइलेंज के वांछित चार गुण लिखिए।

14 साइलेज क्या है फाइलों में साइलेंज कैसे बनाया जाता है?

15 पशु आहार किसे कहते हैं इसे कितने भागों में वर्गीकृत किया जाता है?

16 दाने से आप क्या समझते हैं? यह कितने प्रकार की होती है ?अनाज के उपजात से क्या अर्थ है?

Crop production

Life skills

1 पाठ के सभी फल सब्जी यो का बोटैनिकल नेम फैमिली नेम लिखकर याद करना।

2 20 प्रकार के खरपतवारों का मूल्यांकन कर हारबेलीयम फाइल बनाना।

3 मक्का चना धान गेहूं के उन्नशील जातियों को एकत्रित कर हरबेरियम फाइल में पेस्ट करना।

4 10 आयुर्वेदिक पौधों का मूल्यांकन कर हरबेरियम फाइल में पेस्ट करना।

5 आलू चिप्स तैयार करना सॉस जैम जेली तैयार करना।

6 आम का अचार तैयार करना।

Question answer

7 जल विकास के प्रमुख चार उद्देश्य लिखिए।

8 क्षेत्र पुस्तिका के चार उपयोग लिखिए

9 जैन सर्वेक्षण में त्रिभुज बनाने समय ध्यान देनी होगी या बातेंलिखिए।

10 करीब सर्वेक्षण में रखी जाने वाली चार सावधानी लिखिए

11 सिंचाई एवं जल निकास में अंतर बताइए।

12 भूमिगत जल निकास और प्रस्तीय जल निकास में अंतर बताइए।

13 जल निकास की वीडियो का वर्गीकरण करते हुए नाम लिखिए।

14 जल निकास को प्रभावित करने वाले कारक लिखिए।

15 जल संरक्षण में आने वाली नदी की बड़ा कैसे दूर की जाती है।

16 परिभाषित कीजिए -

मुख्य स्टेशन, द्वितीय स्टेशन, चैन लाइन, अपसेट।

17 पाठ्य पुस्तक में दिए गए दोनों चैप्टर का न्यूमेरिकल सॉल्व करना।

12th Agri. [PCMB)

1.पौधों के विभिन्न संकरित किस्मों का सामान्य नाम, वैज्ञानिक नाम एवं दैनिक जीवन में इसके महत्व की सूची बनाइए।
2.जंतुओं के विभिन्न नस्लों का सामान्य नाम, वैज्ञानिक नाम एवं दैनिक जीवन में इसका महत्व / भूमिका बताइए।
3.पेड़-पौधों एवं जीवों के अंतर्संबंध अर्थात आपसी निर्भरता को वास्तविक उदा. सहित समझाइए।
4.पादप कोशिका और जंतु कोशिका का मॉडल बनाइए।
5.रेशम कीट और मधुमक्खी के जीवन चक्र का मॉडल बनाइए।
6.DNA का मॉडल बनाइए।
7.मेण्डल ने अपने प्रयोग में मटर के पौधा का चुनाव क्यों किया इसके कारण बताइए।
8.प्रभावी एवं अप्रभावी लक्षणों को उदा. सहित समझाइए।
9.समयुग्मजी एवं विषमयुग्मजी पर टिप्पणी लिखिए।
10.एकसंकरिय संकरण को उदा. सहित समझाइए।
11.द्विसंकरिय संकरण को उदा. सहित समझाइए।
मेण्डल का नियम किसे कहते हैं? इसके तीनों नियमों का वर्णन कीजिए।
12.अपूर्ण प्रभाविता और सह-प्रभाविता को उदा. सहित समझाइए।
13.Rh+ Factor, Sickle Cell Anaemia और रक्त के प्रकार पर टिप्पणी लिखिए।
14. सब्जी, अनाज, दाल, मसाले,फल, इमारती लकड़ी और औषधी प्रदान करने वाले पॉच पॉच पौधों का सामान्य नाम एवं वैज्ञानिक नाम लिखिए
15.Drawing copy —इसे लेकर विज्ञान विषय के सभी अध्यायों के चित्रों को नामांकित रंगीन बनाइये

1. अपने उपस्थित अपने आसपास उपस्थित सभी जंतुओं का टैली चिन्ह द्वारा प्रदर्शन कीजिए

2.अपनी मम्मी/पापा के सहायता से कृषि कार्य का वार्षिक बजट तैयार कीजिए।

3.दिनांक **21/04/26** से **15/06/26** तक के प्रत्येक दिन का तापमान नोट कीजिए तथा निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) 30 दिन का औसत तापमान ज्ञात कीजिए।

(ii) सबसे अधिक तापमान तथा सबसे न्यूनतम तापमान ज्ञात कीजिए।

4.सिद्ध कीजिए कि समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल **√3/4 × भुजा^ 2** होता है।

5. एक समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका आधार **75** मी**.** तथा ऊँचाई **10** मीटर है।

6. निम्नलिखित आँकड़ों के लिए पाई चार्ट बनाइए –

फसल	धान	गेहूं	चना	योग
बुआई का क्षेत्रफल	**1000**	**2250**	**350**	**3600**

निम्न प्रश्नों से आवृत्ति सारणी चित्र बनाइए –

वर्ग अंतराल	**1000-1500**	**1500-2000**	**2000-2500**	**2500-3000**	**3000-3500**
बारंबारता	**15**	**40**	**92**	**64**	**24**

7. एक वृत्ताकार मार्ग की चौड़ाई ज्ञात कीजिए जिसकी बाह्य और आंतरिक परिधियों की माप क्रमशः **110** मी. और **88** मीटर है।